इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 42] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 19 अक्टूबर 2018—आश्विन 27, शक 1940

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक, (ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 सितम्बर, 2018

क्र. ई-5-644-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री संजय कुमार शुक्ल, आयएएस., प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पावर मेनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर तथा पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग को दिनांक 28 सितम्बर से 3 अक्टूबर 2018 तक, छह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री संजय कुमार शुक्ल, आयएएस., की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री आई. सी. पी. केशरी, भाप्रसे, प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग तथा विशेष आयुक्त, (समन्वय) मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संजय कुमार शुक्ल, आयएएस., को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पावर मेनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर तथा पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संजय कुमार शुक्ल, भाप्रसे द्वारा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश पावर मेनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर तथा पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री आई. सी. पी. केशरी, भाप्रसे उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2018.

(5) अवकाशकाल में श्री संजय कुमार शुक्ल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजय कुमार शुक्ल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 19 सितम्बर, 2018

क्र. ई-13-35-2018-5-एक.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 1 सितम्बर 2018 द्वारा श्री एम. सेलवेन्द्रन, भाप्रसे (2002), सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग तथा आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त, ग्वालियर के मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम (फेस 4, राउण्ड-13) में दिनांक 24 सितम्बर से 19 अक्टूबर 2018 तक आयोजित प्रशिक्षण पर प्रस्थान करने के अनुक्रम में श्री एम. सेलवेन्द्रन की प्रशिक्षण अवधि में आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त, ग्वालियर का प्रभार श्री मनीष रस्तोगी, भाप्रसे (1994), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग एवं प्रमुख राजस्व आयुक्त, मध्यप्रदेश तथा संचालक, आर. सी. व्ही. पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल तथा राहत आयुक्त एवं पुनर्वास आयुक्त (अतिरिक्त प्रभार) को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अतिरिक्त रूप से सौंपा जाता है.

क्र. ई-5-532-आयएएस-लीव-5-1.—(1) श्रीमती सलीना सिंह, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग को दिनांक 22 से 27 अक्टूबर 2018 तक छह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा आयुक्त अवकाश के साथ दिनांक 19, 20, 21 अक्टूबर 2018 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्रीमती सलीना सिंह की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री पंकज अग्रवाल, भाप्रसे प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा उक्त उद्योग एवं प्रबंध संचालक, लघु उद्योग निगम को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती सलीना सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती सलीना सिंह द्वारा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री पंकज अग्रवाल, भाप्रसे उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती सलीना सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती सलीना सिंह अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई-5-912-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री बी. विजयदत्ता, आयएएस., कलेक्टर, जिला गुना को दिनांक 24 से 29 सितम्बर 2018 तक, छह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 23 एवं 30 सितम्बर 2018 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री बी. विजयदत्ता, आयएएस., की अवकाश अवधि में श्रीमती नीतू माथुर, राप्रसे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, गुना को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला गुना का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री बी. विजयदत्ता को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला गुना के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री बी. विजयदत्ता, भाप्रसे द्वारा कलेक्टर, जिला गुना का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती नीतू माथुर, राप्रसे उक्त प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्री बी. विजयदत्ता को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. विजयदत्ता अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 22 सितम्बर, 2018

क्र. ई-5-841-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती जयश्री कियावत, आयएएस., आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश भोपाल को दिनांक 10 से 14 सितम्बर 2018 तक पाँच दिन तक "Leadership and strategic Thinking" विषय पर यू. के. में आयोजित प्रशिक्षण में भाग लोने के अनुक्रम में दिनांक 15 से 18 सितम्बर 2018 तक, चार दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती जयश्री कियावत को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती जयश्री कियावत को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती जयश्री कियावत अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

भोपाल, दिनांक 24 सितम्बर, 2018

क्र. ई-1-253-2018-5-एक.—श्री सुरेश कुमार, भाप्रसे (2010), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, अशोकनगर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, राजस्व मण्डल, ग्वालियर पदस्त किया जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री सुरेश कुमार द्वारा सचिव, राजस्व मण्डल, ग्वालियर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री नीरज कुमार सिंह, भाप्रसे (2012), अपर आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बदोबस्त ग्वालियर तथा सचिव, राजस्व मण्डल, ग्वालियर (अति. प्रभार) केवल सचिव, राजस्व मण्डल, ग्वालियर के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

भोपाल, दिनांक 25 सितम्बर, 2018

क्र. ई-5-1083-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती उषा परमार, भाप्रसे., उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग को दिनांक 24 सितम्बर से 6 अक्टूबर, 2018 तक तेरह दिन का चाइल्ड केयर अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती उषा परमार, भाप्रसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप सचिव, वन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती उषा परमार भाप्रसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती उषा परमार, भाप्रसे., अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बसंत प्रताप सिंह, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 24 सितम्बर, 2018

क्र. ई-5-1048-आयएएस-लीव-5-एक.—श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, भाप्रसे., कलेक्टर, जिला शहडोल को समसंख्यक आदेश दिनांक 23 अगस्त 2018 द्वारा दिनांक 28 अगस्त से 1 सितम्बर 2018 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था, एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 25 सितम्बर, 2018

क्र. बी-1-103-2018-2-एक.—श्री धीरेन्द्र सिंह, राप्रसे (पी-2014) डिप्टी कलेक्टर, कटनी द्वारा स्वयं की नियुक्ति के समय सेवा अभिलेखों में अंकित गृह जिला जबलपुर के स्थान पर गृह जिला नरसिंहपुर करने का अनुरोध करते हुए प्रासंगिक दस्तावेज संलग्न कर एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया.

(2) राज्य शासन परीक्षणोपरांत एतद्द्वारा श्री धीरेन्द्र सिंह, राप्रसे डिप्टी कलेक्टर कटनी के अनुरोध को स्वीकृत करते हुए वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 17 नवम्बर 1972 के परिप्रेक्ष्य में उनका गृह जिला जबलपुर के स्थान पर गृह जिला नरसिंहपुर परिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान करता है.

(3) उपरोक्तानुसार गृह जिला परिवर्तन करने की प्रविष्टि श्री धीरेन्द्र सिंह, राप्रसे के सेवा अभिलेखों एवं पदक्रम सूची में की जावे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
फजल मोहम्मद, अवर सचिव ''कार्मिक''.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 अक्टूबर, 2018

क्र. एफ 1(ए)152-93-ब-2-दो.—राज्य शासन द्वारा श्री मनीष शंकर शर्मा, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, आपदा प्रबंधन, होमगार्ड, मध्यप्रदेश भोपाल को दिनांक 15 से 27 अक्टूबर 2018 तक कुल तेरह दिवस अर्जित अवकाश एवं दिनांक 13-14 अक्टूबर, 2018 एवं 28 अक्टूबर 2018 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ खण्डवर्ष 2014-17 के विस्तार वर्ष 2017 में (पूर्व खण्ड वर्ष को आगामी खण्ड वर्ष में 2018-21 में केरीफार्वड करते हुए) गृह नगर के स्थान पर अवकाश यात्रा सुविधा के बदले भारत भ्रमण की यात्रा के तहत सिक्किम की अवकाश यात्रा की अनुमति एवं 10 दिवस अवकाश नगदीकरण के साथ स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) श्री मनीष शंकर शर्मा, भापुसे, का कार्य अब श्री राजेश चावला, भापुसे अति. पुलिस महानिदेशक, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मध्यप्रदेश द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ सम्पादित किया जावेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री मनीष शंकर शर्मा, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, अति. पुलिस महानिदेशक, आपदा प्रबंधन, होमगार्ड, मध्यप्रदेश भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री मनीष शंकर शर्मा, भापुसे, के कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री मनीष शंकर शर्मा, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मनीष शंकर शर्मा, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 5 अक्टूबर, 2018

क्र. एफ 1(ए) 107-08-ब-2-दो.—राज्य शासन श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाह, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक, रतलाम रेन्ज रतलाम को दिनांक 11 से 21 अगस्त 2018 तक कुल 11 दिवस अर्जित अवकाश की कोर्योत्तर स्वीकृति प्रदान करता है.

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाह, भापुसे, का चालू कार्य श्री गौरव तिवारी, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, रतलाम द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ सम्पादित किया जावेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाह, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस उप महानिरीक्षक, रतलाम रेन्ज रतलाम के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाह, भापुसे द्वारा अपना कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका 2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाह, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जितेन्द्र सिंह कुशवाह, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए) 191-91-ब-2-दो.—राज्य शासन द्वारा श्री अशोक अवस्थी, भापुसे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) पु. मु. भोपाल को दिनांक 12 से 16 नवम्बर 2018 तक, कुल पाँच दिवस अर्जित एवं 10-11 नवम्बर 2018 एवं 17-18 नवम्बर 2018 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ खण्डवर्ष 2014-17 के विस्तार वर्ष 2017 में (पूर्व खण्ड वर्ष को आगामी खण्ड वर्ष में 2018-21 में केरीफार्वड करते हुए) गृह नगर के स्थान पर अवकाश यात्रा सुविधा के बदले भारत भ्रमण की यात्रा के तहत् अण्डमान (हैवलॉक) की अवकाश यात्रा की अनुमति एवं 10 दिवस अवकाश नगदीकरण के साथ स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, का चालू कार्य श्री एस. एम. अफजल, अति. पुलिस महानिदेशक, कल्याण, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ सम्पादित किया जावेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, के कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (2) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अशोक अवस्थी, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1(बी)83-2014-बी-4-दो,—राज्य शासन, द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवा के अंतर्गत वैज्ञानिक अधिकारी (जीव विज्ञान) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आयोजित परीक्षा 2013 के माध्यम से संयुक्त प्रतिस्पर्धा परीक्षा के परिणाम के आधार पर अनुपूरक सूची के स. क्र. 12 (अनुक्रमांक 100767-अनुसूचित जाति-पुरूष) पर चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थी को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर मध्यप्रदेश न्यायालिक विज्ञान प्रयोगशाला सेवा में कनिष्ठ वेतनमान रुपये 15600—39100+ 5400/- (सातवे वेतनमान में लेवल-12 में 56,100—177500/-) में वैज्ञानिक अधिकारी (जीव विज्ञान) के पद पर उनके नाम के सम्मुख कालम (4) में अंकित कार्यालय में नियुक्त किया जाता है :—

स. क्र.	लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित अनुपूरक सूची का क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम एवं पत्राचार का पता	पदस्थापना कार्यालय/स्थल
(1)	(2)	(3)	(4)
1	12	श्री कोक सिंह परिहार C/O गोविन्द क्लाथ स्टोर सदर बाजार, मुरार, ग्वालियर, म. प्र. 474006.	राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, सागर.

(2) नवनियुक्त अधिकारीगण आदेश प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि में कॉलम (4) में अंकित कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करे अन्यथा नियुक्ति आदेश निरस्त माना जायेगा.

(3) नवनियुक्त अधिकारी की परिवीक्षा अवधि, स्थाईकरण, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 एवं मध्यप्रदेश न्यायालयिक प्रयोगशाला (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 1993 से शासित होंगी. सेवा संबंधी अन्य मुद्दे शासन के वर्तमान नियमों तथा भविष्य में बनाए जाने वाले नियमों/निर्देशों के अंतर्गत निराकृत किये जायेंगे.

(4) नवनियुक्त अधिकारियों की सेवाएं किसी भी समय एक माह की सूचना अथवा उसके एवज में एक माह का वेतन तथा भत्ते देकर बिना कारण बताए समाप्त की जा सकती हैं. इसी प्रकार यदि वे अपने पद से त्याग पत्र देकर शासकीय सेवा छोड़ना चाहें तो उन्हें भी एक माह का नोटिस देना आवश्यक होगा. एक माह पूर्व सूचना न देने की स्थिति में एक माह का वेतन व अन्य भत्ते जो वह उस समय प्राप्त कर रहे होंगे, नगद जमा करना होगा अन्यथा उक्त रकम राजस्व बकाया के तौर पर उनसे वसूल की जावेगी.

(5) राज्य शासन के अधीन दिनांक 1-1-2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को नवीन अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी.

(6) नियुक्त अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी असत्य पाये जाने पर उनकी सेवायें बिना किसी सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जावेगी एवं उनके द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा.

(7) परिवीक्षाधीन अधिकारी द्वारा पदस्थापना कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते समय एक ''बाण्ड'' शासन के पक्ष में निष्पादित करना होगा कि परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण न करने की दशा में अथवा प्रशिक्षण अवधि में सेवा छोड़ने पर उनकी परिवीक्षा अवधि में शासन द्वारा खर्च की गई राशि जिसमें वेतन भत्ते, यात्रा भत्ते एवं अन्य अग्रिम व्यय राशि शामिल होगी, की वापसी के लिये वे उत्तरदायी होंगे.

(8) नवनियुक्त अधिकारी जो पूर्व से शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में सेवारत हैं, उन्हें अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र, अजाँच एवं अमांग प्रमाण-पत्र शासन को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जावेगा.

(9) प्रत्याशी को निर्देशित किया जाता है कि वह नियुक्ति के संबंध में अपनी योग्यता एवं जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति पदस्थापना संबंधी जिले के पुलिस अधीक्षक/संयुक्त निदेशक क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला कार्यालय/कार्यालय प्रमुख को सत्यापन हेतु प्रस्तुत करेंगे.

(10) मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2002 (क्रमांक 10 सन् 2002) दिनांक 13 मई 2002 के प्रावधान अनुसार सुविधा सुनिश्चित करने के लिये निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियुक्ति की प्रविष्टियाँ रोस्टर पंजी में कर दी गई हैं.

(11) प्रमाणित किया जाता है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक सन् 1994) उपबंधों का और उक्त अधिनियम के उपबंधों के प्रकाश में राज्य शासन द्वारा जारी किये गये अनुदेश का अनुपालन किया गया है तथा उसे (नियोक्ता को) उक्त अधिनियम की धारा 6, की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
श्रीदास, अवर सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2018

फा. क्र. 4785-इक्कीस-ब (एक)-2018.—राज्य शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन में अतिरिक्त सचिव, विधि के एक रिक्त पद पर श्री आर. के. गुप्ता, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश को मध्यप्रदेश सेवानिवृत्ति न्यायाधीशों की संविदा पर नियुक्ति के नियम 2017 में उल्लेखित सामान्य शर्तों के अधीन दिनांक 2 सितम्बर, 2018 को संविदा अवधि समाप्त होने पर पुनः एक वर्ष के लिये संविदा नियुक्ति प्रदान करता है.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या-29-2052-सचिवालय सामान्य सेवाएं (090)-सचिवालय योजना-(9057)-विधि और विधायी कार्य विभाग की मद-11-वेतन भत्ते की उपमद-025-संविदा कर्मचारियों का पारिश्रमिक के अंतर्गत विकलनीय होगा.

भोपाल, दिनांक 5 अक्टूबर 2018

फा. क्र. 3(सी) 8-86-इक्कीस-ब (एक).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, जबलपुर की स्थापना पर पार्ट टाइम रिपोर्टर, (ILR) (मध्यप्रदेश सीरीज) के पद पर नियुक्त श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता, अधिवक्ता, जबलपुर को सेवा से पृथक् (Dispense from service) करता है.

भोपाल, दिनांक 6 अक्टूबर 2018

फा. क्र. 4847-इक्कीस-बी (एक)-2018.—राज्य शासन, उच्च न्यायालय, जबलपुर में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति पद पर पदस्थ उच्च न्यायिक सेवा के निम्नांकित अधिकारियों का स्थानान्तरण नियमित न्यायालयों में किये जाने के फलस्वरूप इनकी सेवाएं एतद्द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर से प्रतिनियुक्ति से वापस लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर को सौंपता है:—

1. श्री वरूण पुनासे
2. श्री मोहम्मद नियामत हुसैन रजवी

भोपाल, दिनांक 8 अक्टूबर 2018

फा. क्र. 3(बी)1-2016-इक्कीस-ब (एक) 4851.—मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा 2016 की चयन सूची दिनांक 26 मार्च 2018 में सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) के पद पर चयनित अभ्यर्थी श्री गोविन्द शर्मा पिता श्री राम प्रकाश शर्मा (मेरिट क्र. 38) को नियुक्ति के लिये अपात्र पाए जाने के कारण, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री गोविन्द शर्मा पिता श्री राम प्रकाश शर्मा का नाम चयनित सिविल न्यायाधीश, वर्ग-2 (प्रवेश स्तर) की मुख्य चयन सूची के मेरिट क्र. 38 से विलोपित कर उनका चयन का अधिकार समाप्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सत्येन्द्र कुमार सिंह, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 6 अक्टूबर 2018

फा. क्र. 1(सी)4460-एट्रोसिटीज-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण)

अधिनियम, 1989 (क्र. 33 सन् 1989) की धारा 14 के अन्तर्गत स्थापित विशेष न्यायालय, जिला पन्ना के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 के नियम 4(1) के अंतर्गत श्री शारदा प्रसाद सिंगरौल, अधिवक्ता (नामांकन क्र. एम. पी./1711/90 दिनांक 5 दिसम्बर 1990) को विशिष्ठ ज्येष्ठ अधिवक्ता नियुक्त करता है. श्री शारदा प्रसाद सिंगरौल, अधिवक्ता, पन्ना की उक्त विशिष्ट ज्येष्ठ अधिवक्ता के रुप में नियुक्ति आदेश दिनांक से 3 वर्ष की अवधि अथवा उनकी जन्म तिथि दिनांक 4 नवम्बर 1963 के आधार पर उनके द्वारा 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक, इनमें से जो पहले हो, के लिये होगी तथा यह नियुक्ति बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकेगी.

श्री शारदा प्रसाद सिंगरौल, अधिवक्ता पन्ना को ऐसे विशिष्ट ज्येष्ठ अधिवक्ता के रूप में कार्य के लिये देय शुल्क आदि विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1(सी)एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 26 सितम्बर 2018 के अनुरूप देय होंगे एवं इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-मुख्य शीर्ष-2225-अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण (01) अनुसूचित जातियों का कल्याण (800)-अन्य व्यय-0703-केन्द्र प्रवर्तित योजना अनुसूचित जाति उप योजना (सबस्कीम) योजना (5171)-विशेष न्यायालयों की स्थापना-31-व्यावसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां की उपमद-003-अभिभाषकों को फीस के अंतर्गत विकलनीय होगा. जिसका भुगतान उक्त शीर्ष से संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जायेगा.

श्री शारदा प्रसाद सिंगरौल, विशिष्ट ज्येष्ठ अधिवक्ता, पन्ना को विशेष लोक अभियोजक की अनुपस्थिति के दिनांक पर विशेष न्यायालय में केवल उस दिन की कार्यवाही हेतु कार्य जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आवंटित किया जायेगा.

फा. क्र. 1(सी)4483-एट्रोसिटीज-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (क्र. 33 सन् 1989) की धारा 14 के अन्तर्गत स्थापित विशेष न्यायालय, जिला दमोह के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 के नियम 4(1) के अंतर्गत श्री सुधीर पाण्डे, अधिवक्ता (नामांकन क्र. एम. पी./3673/2000 दिनांक 27 सितम्बर 2000) को विशिष्ठ ज्येष्ठ अधिवक्ता नियुक्त करता है. श्री सुधीर पाण्डे, दमोह की उक्त विशिष्ठ ज्येष्ठ अधिवक्ता के रुप में नियुक्ति आदेश दिनांक से 3 वर्ष की अवधि अथवा उनकी जन्म तिथि दिनांक 15 अगस्त 1974 के आधार पर उनके द्वारा 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर, इनमें से जो पहले हो, के लिये होगी तथा यह नियुक्ति बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकेगी.

श्री सुधीर पाण्डे, अधिवक्ता दमोह को ऐसे विशिष्ट ज्येष्ठ अधिवक्ता के रूप में कार्य के लिये देय शुल्क आदि विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1(सी)एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो), दिनांक 26 सितम्बर 2018 के अनुरूप देय होंगे एवं इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 29-मुख्य शीर्ष-2225-अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण (01) अनुसूचित जातियों का कल्याण (800)-अन्य व्यय-0703-केन्द्र प्रवर्तित योजना अनुसूचित जाति उप योजना (सबस्कीम) योजना (5171)-विशेष न्यायालयों की स्थापना-31-व्यावसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां की उपमद-003-अभिभाषकों को फीस के अंतर्गत विकलनीय होगा. जिसका भुगतान उक्त शीर्ष से संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जायेगा.

श्री सुधीर पाण्डे, विशिष्ट ज्येष्ठ अधिवक्ता, दमोह को विशेष लोक अभियोजक की अनुपस्थिति के दिनांक पर विशेष न्यायालय में केवल उस दिन की कार्यवाही हेतु कार्य जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आवंटित किया जायेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
गोपाल श्रीवास्तव, सचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 अगस्त, 2018

क्र. बी-4-12-2016-चौदह-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा मंत्रि-परिषद् आदेश आयटम क्रमांक 7, दिनांक 30 जुलाई, 2018 के परिपालन में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अन्तर्गत रहली, जिला सागर में उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की जाती है. नवीन उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना हेतु 40 हेक्टर भूमि का उपयोग किया जाये.

उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना हेतु विभागीय संक्षेपिका के संलग्न परिशिष्ट-1 अनुसार प्रस्तावित अधोसंरचना विकास के लिये अनावर्ती मद में राशि रुपये 8292.03 लाख तथा संचालन के लिए आवर्ती व्यय हेतु राशि रुपये 3163.30 लाख तीन वर्ष में राज्य शासन द्वारा बजट प्रावधान सक्षम परियोजना परीक्षण समिति के परीक्षण उपरान्त मंत्रि-परिषद् से अनुमोदन अनुसार निर्धारण किया जावेगा.

उद्यानिकी महाविद्यालय का व्यय मांग संख्या 54-2354 कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा मद के अंतर्गत विकलनीय होगा.

उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना हेतु विभागीय संक्षेपिका दिनांक 20 अप्रैल, 2018 के परिशिष्ट-2(अ) एवं 2(ब) अनुसार अधिष्ठाता का 01-पद, प्रध्यापक के 08-पद, सह प्राध्यापक के 11-पद, सहायक प्राध्यापक के 31-पद तथा गैर शैक्षणिक के 41-पद, इस तरह कुल 92-पद सृजित कर स्वीकृति प्रदान की जाती है. शेष कार्य आउटसोर्स किया जा सकता है.

परिशिष्ट-1

नवीन उद्यानिकी महाविद्यालय रहली, जिला सागर की स्थापना हेतु तीन वर्षों के लिये बजट प्रावधान

(राशि रुपये लाख में)

अ—अनावर्ती

क्र.	मद	कुल राशि	प्रथम वर्ष के लिये राशि	द्वितीय वर्ष के लिये राशि	तृतीय वर्ष के लिए राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	भवनों का निर्माण कार्य (मुख्य भवन छात्रावास, आवासीय भवन, आदि) विकास कार्य जैसे विद्युत् केन्द्र की स्थापना, अनुसंधान प्रक्षेत्र विकास एवं कृषि महाविद्यालय प्रांगण विकास, यांत्रिकी वर्कशाप.	8163.53	1500.00 1500.00*	2000.00	3163.53
2	उपकरण	100.00	50.00	50.00	—
3	वाहन (बस एवं जीप)	8.50	8.50	—	—
4	ऐस्पेरिमेंटल लर्निंग	20.00	—	10.00	10.00
	कुल अनावर्ती व्यय	8292.03	3058.50	2060.00	3173.53

*प्रथम वर्ष शुरू होने से पूर्व की राशि

ब—आवर्ती

क्र.	मद	कुल राशि	प्रथम वर्ष के लिये राशि	द्वितीय वर्ष के लिये राशि	तृतीय वर्ष के लिए राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	वेतन एवं भत्ते (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक संवर्ग).	2651.70	818.01	874.20	959.49
2	आवर्ती आकस्मिकता व्यय	146.00	41.00	47.00	58.00
3	यात्रा भत्ता एवं पीओएल	65.60	18.00	21.60	26.00
4	ब्लाक ग्रांट	300.00	100.00	100.00	100.00
	कुल आवर्ती व्यय	3163.30	977.01	1042.80	1143.49
	योग—(अ एवं ब)	11455.33	4035.51	3102.80	4317.02

परिशिष्ट-2 (अ)

उद्यानिकी महाविद्यालय रहली, जिला सागर के लिए प्रशासकीय पद एवं शैक्षणिक पद

अ. प्रशासकीय पद : —

1. अधिष्ठाता (एक) वेतनमान रुपये 37,400—67,000+10,000/- एजीपी

ब. शैक्षणिक पद : —

क्र.	विभाग	प्रध्यापक वेतनमान रु. 37,400-67,000+10,000/- एजीपी	सह प्राध्यापक वेतनमान रु. 37400-67000+9000/- एजीपी	सहायक प्राध्यापक वेतनमान रु. 15,600-39100+6000/- एजीपी
	(1)	(2)	(3)	(4)
1	फल विज्ञान (Breeding+Production)	01	02	03
2	सब्जी विज्ञान (Breeding+Production+seed Production/seed Technalogy)	01	01	04
3	फूल विज्ञान एवं लैण्ड स्केपिंग (Breeding+Production).	01	01	02
4	पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नालॉजी (Breeding+Production).	01	01	02
5	पादप संरक्षण (Entomalogy+Plant Pathalogy)	01	02	03
6	आधार विज्ञान विभाग (Biochemistry, crop physiology, Biotechnology and genetics and plant Breeding, statistics and computer scieneces).	01	02	06
7	प्राकृतिक संसाधन विभाग (Soil science & Agricultural Chemistry, microbiology, water Technology, Environmental Science, Agricultural Engineering, Agroforestry)	01	01	06
8	सामाजिक विज्ञान विभाग (Agricultural Extension, Agriculturul Economics, Agri/Horti, Business Management, English, Physical Education & Library Science).	01	01	05
	कुल पद . .	08	11	31

कुल पद—		
अधिष्ठाता	—	01
प्राध्यापक	—	08
सह प्राध्यापक	—	11
सहायक प्राध्यापक	—	31
योग कुल पद . .	—	51

परिशिष्ट-2 (ब)

उद्यानिकी महाविद्यालय रहली जिला सागर के शैक्षणिक लिए गैर पद

(स) गैर शैक्षणिक पद : —

क्र.	पदनाम	संख्या
(1)	(2)	(3)
1	सहायक कुल सचिव/प्रशासनिक अधिकारी	1
2	अधीक्षक (प्रशासन)	1
3	सहायक लेखा नियंत्रक	1
4	प्रयोगशाला सहायक	1
5	पुस्तकालय सहायक	2
6	प्रयोगशाला तकनीशियन	8
7	प्रक्षेत्र सहायक	8
8	सेल्फ असिस्टेंट	2
9	कम्प्यूटर सहायक	6
10	केअरटेकर	3
11	वाहन चालक (जीप)	2
12	वाहन चालक (ट्रेक्टर)	2
13	कार्यालय सहायक	4
		41

*मंत्रि-परिषद् स्वीकृति अनुसार गैर शैक्षणिक पदों के वेतनमान का निर्धारण वित्त विभाग की सहमति से किया जावेगा.

क्र. बी-4-14-2016-चौदह-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मंत्रि-परिषद् आदेश आयटम क्रमांक 8, दिनांक 30 जुलाई 2018 के परिपालन में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अन्तर्गत खुरई, जिला-सागर में कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की जाती है.

नवीन कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु ग्राम सुनेटी पटवारी हल्का नं. 27 में 33.75 हेक्टर एवं ग्राम घोरट पटवारी हल्का नं. 27 में 16.28 हेक्टर चिन्हित की गई भूमि 50.03 हेक्टर में से 30 हेक्टर भूमि का उपयोग किया जावे.

कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु विभागीय संक्षेपिका के संलग्न परिशिष्ट-1 अनुसार अधोसंरचना विकास के लिए अनावर्ती मद में राशि रुपये 9821.46 लाख तथा महाविद्यालय के संचालन हेतु आवर्ती व्यय के लिए राशि रुपये 3299.31 लाख की वित्तीय सीमा में तीन वर्षों के लिए राज्य शासन द्वारा बजट प्रावधान सक्षम परियोजना परीक्षण समिति के परीक्षण उपरान्त मंत्रि-परिषद् से अनुमोदन अनुसार निर्धारण किया जावेगा.

कृषि महाविद्यालय का व्यय मांग संख्या 54-2353 कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा मद के अंतर्गत विकलनीय होगा.

कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु विभागीय संक्षेपिका दिनांक 20 अप्रैल 2018 के संलग्न परिशिष्ट-2(अ) एवं 2(ब) अनुसार अधिष्ठाता का 01-पद, सह प्रध्यापक के 08 पद, सहायक प्रध्यापक के 23-पद तथा गैर शैक्षणिक के 54-पद, इस तरह कुल 86-पद सृजित कर स्वीकृति प्रदान की जाती है. शेष कार्य आउटसोर्स किये जाने की विधिवत कार्यवाही की जावे.

परिशिष्ट-1

नवीन कृषि महाविद्यालय, खुरई (सागर) की स्थापना हेतु तीन वर्षों के लिये बजट प्रावधान

(राशि रुपये लाख में)

(अ) अनावर्ती

क्र.	मद	कुल राशि	प्रथम वर्ष के लिये राशि	द्वितीय वर्ष के लिये राशि	तृतीय वर्ष के लिए राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	भवनों का निर्माण कार्य (मुख्य) भवन, छात्रावास, आवासीय भवन, कृषक प्रशिक्षण भवन, क्रीड़ा परिसर एवं अन्य विकास कार्य जैसे-विद्युत् केन्द्र की स्थापना, अनुसंधान प्रक्षेत्र विकास एवं कृषि महाविद्यालय प्रांगण विकास, यांत्रिकी वर्कशाप निर्माण आदि.	9039.48	1437-55* 2062-50	2500.00	3039.43
2	उपकरण	300.00	100.00	200.00	—
3	वाहन (बस एवं जीप)	30.00	30.00	—	—
4	ऐस्पेरिमेंटल लर्निंग व्यय (5 प्रतिशत)	451.98	201.98	250.00	—
	कुल अनावर्ती व्यय	**9821.46**	**3832.03**	**2950.00**	**3039.43**

*प्रथम वर्ष शुरू होने से पूर्व की राशि

ब—आवर्ती

क्र.	मद	कुल राशि	प्रथम वर्ष के लिये राशि	द्वितीय वर्ष के लिये राशि	तृतीय वर्ष के लिए राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	वेतन एवं भत्ते (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक संवर्ग).	2449.31	733.19	805.94	910.18
2	आवर्ती आकस्मिकता व्यय	195.00	60.00	65.00	70.00
3	यात्रा भत्ता एवं पीओएल	55.00	16.67	18.33	20.00
4	ब्लाक ग्रांट	600.00	200.00	200.00	200.00
	कुल आवर्ती व्यय	3299.31	1009.86	1089.27	1200.00
	योग—(अ एवं ब)	**13120.77**	**4841.89**	**4039.27**	**4239.61**

परिशिष्ट-2 (अ)

कृषि महाविद्यालय खुरई जिला (सागर) के लिए प्रशासकीय पद एवं शैक्षणिक पद

(अ) **प्रशासकीय पद 01, अधिष्ठाता (एक) वेतनमान रुपये 37,400—67,000+10,000/- (ए.जी.पी.)**
(ब) **शैक्षणिक पद :**

क्र.	विभाग	सह-प्राध्यापक वेतनमान रु. 37,400-67,000+ 9,000/- ए.जी.पी.	सहा-प्राध्यापक वेतनमान रु. 15,600-39,100+ 6,000/- ए.जी.पी.	कुल पद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	सस्य विज्ञान	1	4	5
2	कृषि अर्थशास्त्र	1	2	3
3	कृषि प्रसार एवं प्रचार विभाग	1	1	2
4	कीटशास्त्र विभाग	1	2	3
5	जैनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग	1	2	3
6	हार्टीकल्चर	1	2	3
7	मृदा विज्ञान	1	2	3
8	प्लांट पैथोलाजी	1	2	3
9	पशु विज्ञान	0	1	1
10	कृषि अभियांत्रिकी	0	1	1
11	बायोकैमेस्ट्री	0	1	1
12	क्रीड़ा अधिकारी	0	1	1
13	सहायक ग्रंथपाल	0	1	1
14	प्रक्षेत्र प्रबंधक	0	1	1
	कुल पद	8	23	31

*शेष कार्य आउटसोर्स किये जा सकते हैं.

परिशिष्ट-2 (ब)

(स) गैर शैक्षणिक पद :

क्र.	पदनाम	संख्या
(1)	(2)	(3)
1	पी.ए. टू डीन (अधिष्ठाता)	1
2	सहायक प्रशासनिक अधिकारी	1
3	सहायक शैक्षणिक अधिकारी	1
4	सहायक लेखाधिकारी	1
5	सहायक	3
6	स्टेनो/कम्प्यूटर आपरेटर	1
7	स्टोर कीपर	1
8	पुस्तकालय सहायक	1
9	सैल्फ असिस्टेंट	1
10	सहायक (प्रशासनिक भवन)	11
11	प्रयोगशाला सहायक	19
12	फील्ड असिस्टेंट	13
	कुल पद . .	54

*मंत्रि-परिषद् स्वीकृति उपरांत गैर शैक्षणिक पदों के वेतनमान का निर्धारण वित्त विभाग की सहमति से किया जावेगा तथा शेष कार्य आउटसोर्स किये जा सकते हैं.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2018/5 अक्टूबर 2018

क्र. बी-4-14-2016-चौदह-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मंत्रि-परिषद् आदेश आयटम क्रमांक 32, दिनांक 18 सितम्बर, 2018 के परिपालन में जिला-सागर में उद्यानिकी महाविद्यालय, रहली एवं कृषि महाविद्यालय, खुरई की स्थापना हेतु अनुवर्ती स्वीकृति प्रदान की जाती है.

1. जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अन्तर्गत जिला सागर में उद्यानिकी महाविद्यालय, रहली एवं कृषि महाविद्यालय, खुरई की स्थापना हेतु परियोजना परीक्षण समिति की बैठक दिनांक 17 सितम्बर 2018 की अनुशंसाओं का अनुमोदन किया गया.

2. मंत्रि-परिषद् आदेश आयटम क्रमांक 7 एवं 8 दिनांक 30 जुलाई 2018 के पालन में विभागीय आदेश दिनांक 13 अगस्त 2018 पर परियोजना परीक्षण समिति की अनुशंसा के क्रम में विभागीय संक्षेपिका की कण्डिका क्रमांक 6 अनुसार, उद्यानिकी महाविद्यालय रहली में एक अधिष्ठाता के पद सहित कुल 51 शैक्षणिक पद एवं 41 गैर शैक्षणिक पद (विभागीय आदेश दिनांक 13 अगस्त 2018 का परिशिष्ट-1 2 'अ' 2 'ब') एवं कृषि महाविद्यालय, खुरई में एक पद अधिष्ठाता एवं 31 शैक्षणिक पद तथा 54 गैर शैक्षणिक पद (विभागीय आदेश दिनांक 13 अगस्त 2018 का परिशिष्ट-2 2 'अ' 2 'ब' अनुसार स्वीकृति दी जाती है.

   उपरोक्त स्वीकृति अनुसार शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों को भरने की प्रक्रिया दोनों महाविद्यालय के लिए विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय परिनियम, आईसीएआर मापदण्डों, राज्य शासन नियमों एवं निर्देशों के तहत विधिवत प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करते हुए किया जाये.

3. दोनों महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2018-19 से प्रारंभ कर पी.ए.टी. 2018 की प्रवेश परीक्षा की प्रवीणता सूची की प्रतिक्षा सूची से छात्रों को प्रवेश दिया जावे.

4. कृषि महाविद्यालय, खुरई की स्थापना हेतु चिन्हित ग्राम सुनेटी पटवारी हल्का नं. 27 में से 33.75 हेक्टेयर एवं ग्राम घोरट पटवारी हल्का नं. 27 में से 16.28 हेक्टेयर कुल भूमि 50.03 हेक्टेयर में से 30 हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जावे.

5. उद्यानिकी महाविद्यालय, रहली की स्थापना हेतु ग्राम पटना ककरी में चिन्हित 99.203 हेक्टेयर भूमि में से 40 हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जावे.

6. कृषि महाविद्यालय, खुरई की स्थापना के लिए प्रथम वर्ष में महाविद्यालय का कार्य शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खुरई के रिक्त कमरों में प्रथम वर्ष में प्रारंभ किया जावे तथा इस हेतु तात्कालिक आवश्यक व्यवस्थाओं की सुनिश्चिताओं हेतु राशि रुपये 500.00 लाख आवर्ती/अनावर्ती व्यय की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा की जायेगी. तत्पश्चात् प्रस्तावित अनावर्ती व्यय को आवश्यकतानुसार तीन चरणों में विभाजित कर औचित्य अनुसार, परियोजना परीक्षण समिति से पुनर्समीक्षा की जाकर, वित्तीय प्रावधान कराया जावे.

7. उद्यानिकी महाविद्यालय, रहली की स्थापना के लिए प्रथम वर्ष में महाविद्यालय का कार्य शुष्क उद्यानिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, गढ़ाकोटा में प्रथम वर्ष में प्रारंभ किया जावे तथा इस हेतु तात्कालिक आवश्यक व्यवस्थाओं की सुनिश्चिताओं हेतु राशि रुपये 500.00 लाख आवर्ती/अनावर्ती व्यय की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा की जायेगी. तत्पश्चात् प्रस्तावित अनावर्ती व्यय को आवश्यकतानुसार तीन चरणों में विभाजित कर औचित्य अनुसार, परियोजना परीक्षण समिति से पुनर्समीक्षा की जाकर, वित्तीय प्रावधान कराया जावे.

परिशिष्ट-2 (अ)

उद्यानिकी महाविद्यालय रहली, जिला सागर के लिए प्रशासकीय पद एवं शैक्षणिक पद

अ. प्रशासकीय पद : —

1. अधिष्ठाता (एक) वेतनमान रुपये 37,400—67,000+10,000/- एजीपी

ब. शैक्षणिक पद : —

क्रमांक	विभाग	प्रध्यापक वेतनमान रु. 37,400-67,000+10,000/- एजीपी	सह प्राध्यापक वेतनमान रु. 37400-67000+9000/- एजीपी	सहायक प्राध्यापक वेतनमान रु. 15,600-39100+6000/- एजीपी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	फल विज्ञान (Breeding+Production)	01	02	03
2	सब्जी विज्ञान (Breeding+Production+seed Production/seed Technalogy)	01	01	04
3	फूल विज्ञान एवं लैण्ड स्केपिंग (Breeding+Production).	01	01	02
4	पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नालॉजी (Breeding+Production).	01	01	02
5	पादप संरक्षण (Entomalogy+Plant Pathalogy)	01	02	03
6	आधार विज्ञान विभाग (Biochemistry, crop physiology, Biotechnology and genetics and plant Breeding, statistics and computer scieneces).	01	02	06
7	प्राकृतिक संसाधन विभाग (Soil science & Agricultural Chemistry, microbiology, water Technology, Environmental Science, Agricultural Engineering, Agroforestry)	01	01	06
8	सामाजिक विज्ञान विभाग (Agricultural Extension, Agriculturul Economics, Agri/Horti, Business Managemenet, English, Physical Education & Library Science).	01	01	05
	कुल पद . .	08	11	31

कुल पद—		
अधिष्ठाता	—	01
प्राध्यापक	—	08
सह प्राध्यापक	—	11
सहायक प्राध्यापक	—	31
योग कुल पद . .	—	51

परिशिष्ट-2 (ब)

उद्यानिकी महाविद्यालय रहली, जिला सागर के शैक्षणिक लिए गैर पद

(स) गैर शैक्षणिक पद : —

क्र.	पदनाम	संख्या
(1)	(2)	(3)
1	सहायक कुल सचिव/प्रशासनिक अधिकारी	1
2	अधीक्षक (प्रशासन)	1
3	सहायक लेखा नियंत्रक	1
4	प्रयोगशाला सहायक	1
5	पुस्तकालय सहायक	2
6	प्रयोगशाला तकनीशियन	8
7	प्रक्षेत्र सहायक	8
8	सेल्फ असिस्टेंट	2
9	कम्प्यूटर सहायक	6
10	केअरटेकर	3
11	वाहन चालक (जीप)	2
12	वाहन चालक (ट्रेक्टर)	2
13	कार्यालय सहायक	4
		41

*मंत्रि-परिषद् स्वीकृति अनुसार गैर शैक्षणिक पदों के वेतनमान का निर्धारण वित्त विभाग की सहमति से किया जावेगा.

परिशिष्ट-2 (अ)

कृषि महाविद्यालय खुरई, जिला सागर के लिए प्रशासकीय पद एवं शैक्षणिक पद

(अ) **प्रशासकीय पद 01, अधिष्ठाता (एक) वेतनमान रुपये 37,400—67,000+10,000/- (ए.जी.पी.)**
(ब) **शैक्षणिक पद :**

क्र.	विभाग	सह-प्राध्यापक वेतनमान रु. 37,400-67,000+ 9,000/- ए.जी.पी.	सहा-प्राध्यापक वेतनमान रु. 15,600-39,100+ 6,000/- ए.जी.पी.	कुल पद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	सस्य विज्ञान	1	4	5
2	कृषि अर्थशास्त्र	1	2	3
3	कृषि प्रसार एवं प्रचार विभाग	1	1	2
4	कीटशास्त्र विभाग	1	2	3
5	जैनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग	1	2	3
6	हार्टीकल्चर	1	2	3
7	मृदा विज्ञान	1	2	3
8	प्लांट पैथोलाजी	1	2	3
9	पशु विज्ञान	0	1	1
10	कृषि अभियांत्रिकी	0	1	1
11	बायोकैमेस्ट्री	0	1	1
12	क्रीड़ा अधिकारी	0	1	1
13	सहायक ग्रंथपाल	0	1	1
14	प्रक्षेत्र प्रबंधक	0	1	1
	कुल पद	8	23	31

*शेष कार्य आउटसोर्स किये जा सकते हैं.

परिशिष्ट-2 (ब)

(स) गैर शैक्षणिक पद :

क्र.	पदनाम	संख्या
(1)	(2)	(3)
1	पी.ए. टू डीन (अधिष्ठाता)	1
2	सहायक प्रशासनिक अधिकारी	1
3	सहायक शैक्षणिक अधिकारी	1
4	सहायक लेखाधिकारी	1
5	सहायक	3
6	स्टेनो/कम्प्यूटर आपरेटर	1
7	स्टोर कीपर	1
8	पुस्तकालय सहायक	1
9	सैल्फ असिस्टेंट	1
10	सहायक (प्रशासनिक भवन)	11
11	प्रयोगशाला सहायक	19
12	फील्ड असिस्टेंट	13
	कुल पद . .	54

*मंत्रि-परिषद् स्वीकृति उपरांत गैर शैक्षणिक पदों के वेतनमान का निर्धारण वित्त विभाग की सहमति से किया जावेगा तथा शेष कार्य आउटसोर्स किये जा सकते हैं.

भोपाल, दिनांक 4 अक्टूबर 2018

क्र. बी-4-14-2018-चौदह-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मंत्रि-परिषद् आदेश आयटम क्रमांक 76, दिनांक 01 अक्टूबर, 2018 के परिपालन में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अन्तर्गत जिला-छिन्दवाड़ा में उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की जाती है.

नवीन उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना हेतु कलेक्टर, जिला-छिन्दवाड़ा द्वारा मौजा ग्राम खुनाझिरकला, रा.नि.मं. इकलबिहरी, तहसील मोहखेड, जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि खसरा नं. 497/1, 497/2/1, 497/3 एवं 498 क्रमशः रकबा 32.376 हैक्टेयर, 3.751 हैक्टेयर, 7.281 हैक्टेयर एवं 0.575 हैक्टेयर कुल रकबा 43.983 हैक्टेयर चिन्हांकित भूमि का उपयोग किया जावे.

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत उद्यानिकी महाविद्यालय हेतु तीन वर्षों के लिए परिशिष्ट-1 के अनुसार राशि रुपये 13444.34 लाख की स्वीकृति प्रदाय की जाती है. जिसमें से अनावर्ती व्यय हेतु कुल राशि 10281.04 लाख एवं आवर्ती व्यय हेतु राशि रुपये 3163.30 लाख व्यय की जावे. यह व्यय वित्तीय सीमा में तीन वर्षों के लिए राज्य शासन द्वारा बजट प्रावधान सक्षम परियोजना परीक्षण समिति के परीक्षण उपरान्त मंत्रि-परिषद् से अनुमोदन अनुसार निर्धारण किया जावेगा.

उद्यानिकी महाविद्यालय की स्थापना हेतु परिशिष्ट-2(अ) एवं 2(ब) अनुसार अधिष्ठाता का एक पद सहित कुल 51 शैक्षणिक पद तथा 76 गैर शैक्षणिक पदों की स्वीकृति प्रदाय की जाती है.

परिशिष्ट-1

नवीन उद्यानिकी महाविद्यालय, जिला छिन्दवाड़ा की स्थापना हेतु तीन वर्षों के लिये बजट प्रावधान

(राशि रुपये लाख में)

अ—अनावर्ती

क्र.	मद	कुल राशि	प्रारंभ से पूर्व	प्रथम वर्ष के लिये राशि	द्वितीय वर्ष के लिये राशि	तृतीय वर्ष के लिए राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	भवनों का निर्माण कार्य (मुख्य भवन छात्रावास, आवासीय भवन, आदि) विकास कार्य जैसे विद्युत् केन्द्र की स्थापना, अनुसंधान प्रक्षेत्र विकास एवं कृषि महाविद्यालय प्रांगण विकास, यांत्रिकी वर्कशाप.	10109.54	472.55	3000.00	3000.00	3636.99
2	उपकरण	100.00	—	50.00	50.00	—
3	वाहन (बस एवं जीप)	51.50	—	11.50	40.00	—
4	ऐस्पेरिमेंटल लर्निंग	20.00	—	—	10.00	10.00
	कुल अनावर्ती व्यय	10281.04	472.55	3061.50	3100.00	3646.99

*प्रथम वर्ष शुरू होने से पूर्व की राशि

ब—आवर्ती

क्र.	मद	कुल राशि	प्रारंभ से पूर्व	प्रथम वर्ष के लिये राशि	द्वितीय वर्ष के लिये राशि	तृतीय वर्ष के लिए राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	वेतन एवं भत्ते (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक संवर्ग).	2651.70	—	818.01	874.20	959.49
2	आवर्ती आकस्मिकता व्यय	146.00	—	41.00	47.00	58.00
3	यात्रा भत्ता एवं पीओएल	65.60	—	18.00	21.60	26.00
4	ब्लाक ग्रांट	300.00	—	100.00	100.00	100.00
	कुल आवर्ती व्यय	3163.30	—	977.01	1042.80	1143.49
	योग—(अ एवं ब)	13444.34	472.55	4038.51	4142.80	4790.48

परिशिष्ट-2 (अ)

उद्यानिकी महाविद्यालय जिला छिन्दवाड़ा के लिए प्रशासकीय पद एवं शैक्षणिक पद

अ. प्रशासकीय पद : —

1. अधिष्ठाता (एक) वेतनमान रुपये 37,400—67,000+10,000/- एजीपी

ब. शैक्षणिक पद : —

क्र.	विभाग	प्राध्यापक वेतनमान रु. 37400-67000+ 10000/- एजीपी	सह प्राध्यापक वेतनमान रु. 37400-67000+ 9000/- एजीपी	सहायक प्राध्यापक वेतनमान रु. 15,600-39100+ 6000/- एजीपी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	फल विज्ञान (Breeding+Production)	01	02	03
2.	सब्जी विज्ञान (Breeding+Production+seed Production/seed Technalogy)	01	01	04
3.	फूल विज्ञान एवं लैण्ड स्केपिंग (Breeding+Production).	01	01	02
4.	पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नालॉजी (Breeding+Production).	01	01	02
5.	पादप संरक्षण (Entomalogy+Plant Pathalogy)	01	02	03
6.	आधार विज्ञान विभाग (Biochemistry, crop physiology, Biotechnology and genetics and plant Breeding, statistics and computer scieneces).	01	02	06
7.	प्राकृतिक संसाधन विभाग (Soil science & Agricultural Chemistry, microbiology, water Technology, Environmental Science, Agricultural Engineering, Agroforestry)	01	01	06
8	सामाजिक विज्ञान विभाग (Agricultural Extension, Agricultural Economics, Agri/Horti, Business Management, English, Physical Education & Library Science).	01	01	05
	कुल पद . .	08	11	31

कुल पद		
अधिष्ठाता	—	01
प्राध्यापक	—	08
सह प्राध्यापक	—	11
सहायक प्राध्यापक	—	31
योग कुल पद . .	—	51

परिशिष्ट-2 (ब)

उद्यानिकी महाविद्यालय, जिला-छिन्दवाड़ा के गैर शैक्षणिक के लिए पद

(स) गैर शैक्षणिक पद : —

क्र. (1)	पदनाम (2)	वेतनमान रुपये (3)	संख्या (4)
1	सहायक कुल सचिव/प्रशासनिक अधिकारी	15600—39100+5400	1
2	सहायक लेखा नियंत्रक	15600—39100+5400	1
3	सहायक यंत्री (सिविल)	15600—39100+5400	1
4	सहायक चिकित्सा अधिकारी	15600—39100+5400	1
5	अधीक्षक (प्रशासन)	9300—34800+3600	1
6	कनिष्ठ यंत्री (इलेक्ट्रिकल)	9300—34800+3200	1
7	पुस्तकालय सहायक	5200—20200+2400	2
8	प्रयोगशाला तकनीशियन	5200—20200+2400	8
9	प्रक्षेत्र सहायक	5200—20200+2400	8
10	कम्प्यूटर सहायक	5200—20200+2400	6
11	वाहन चालक (जीप)	5200—20200+1900	6
12	प्रयोगशाला सहायक	5200—20200+1800	1
13	सेल्फ असिस्टेंट	4440—7440+1300	2
14	वाहन चालक (ट्रेक्टर)	5200—20200+2100	2
15	केअर टेकर	5200—20200+1800	3
16	खेल सहायक	5200—20200+2400	2
17	कार्यालय सहायक	4440—7440+1300	6
18	नर्स (पुरुष+स्त्री)	5200—20200+1900	2
			योग . . 54

निम्न पद आउट सोर्सिंग के आधार पर भरे जावेंगे:—

19	कुक*	4440—7440+1300	4
20	प्लम्बर*	5200—20200+1800	1
21	इलेक्ट्रिशियन*	5200—20200+2100	1
22	परिचालक (बस)*	4440—7440+1300	2
23	माली*	4440—7440+1300	6
24	दरबान*	4440—7440+1300	2
25	वाचमेन*	4440—7440+1300	6
			योग . . 22
			कुल योग . . 76

क्र. बी-4-18-2018-चौदह-2.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मंत्रि-परिषद् आदेश आयटम क्रमांक-77, दिनांक 1 अक्टूबर 2018 के परिपालन में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अन्तर्गत जिला-पन्ना में कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की जाती है.

नवीन कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं प्रक्षेत्र विकास निगम द्वारा ग्राम जनकपुर पटवारी हल्का नं. 13 जिला पन्ना में चिन्हित/आरक्षित भूमि (30 हैक्टेयर) का उपयोग किया जावे.

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत नवीन कृषि महाविद्यालय जिला पन्ना हेतु कुल तीन वर्षों के लिए परिशिष्ट-एक अ एवं ब अनुसार राशि रुपये 14696.67 लाख (आवर्ती व्यय राशि रुपये 3371.82 लाख एवं अनावर्ती व्यय राशि रुपये 11324.85 लाख) की स्वीकृति मांग संख्या 54 (नवीन मद) अन्तर्गत दी जाती है. यह व्यय वित्तीय सीमा में तीन वर्षों के लिए राज्य शासन द्वारा बजट प्रावधान सक्षम परियोजना परीक्षण समिति के परीक्षण उपरान्त मंत्रि-परिषद् से अनुमोदन अनुसार निर्धारण किया जावेगा.

कृषि महाविद्यालय की स्थापना हेतु परिशिष्ट-2(अ) एवं 2(ब) अनुसार अधिष्ठाता का 01-पद, सहित कुल 32 शैक्षणिक पद तथा 54 गैर शैक्षणिक पदों की स्वीकृति प्रदाय की जाती है. गैर शैक्षणिक पद, बार्डन, केयर टेकर/सहायक, सुरक्षा सहायक आदि पद नियमानुसार आउटसोर्स किये जावे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जितेन्द्र सिंह परिहार, अवर सचिव.

परिशिष्ट-1

नवीन कृषि महाविद्यालय, पन्ना की स्थापना हेतु तीन वर्षों के लिये बजट प्रावधान

(राशि रुपये लाख में)

(अ) अनावर्ती :—

क्र.	मद	कुल राशि	प्रथम वर्ष के लिये राशि	द्वितीय वर्ष के लिये राशि	तृतीय वर्ष के लिए राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	भवनों का निर्माण कार्य (मुख्य) भवन बालक-बालिका छात्रावास, आवासीय भवन, कृषक प्रशिक्षण भवन, अतिथि भवन, क्रीड़ा परिसर एवं अन्य विकास कार्य जैसे-विद्युत् केन्द्र की स्थापना, अनुसंधान प्रक्षेत्र विकास एवं कृषि महाविद्यालय प्रांगण विकास, यांत्रिकी वर्कशाप निर्माण आदि.	10454.62	437.55* 4000.00	4000.00	2017.07
2	उपकरण	300.00	100.00	200.00	—
3	वाहन (बस 01), जीप (01), ट्रेक्टर (02) एवं मोटर सायकिल (02).	47.50	30.00	17.50	—
4	5 प्रतिशत व्यय वृद्धि	522.73	300.00	222.73	—
	कुल अनावर्ती व्यय	**11324,85**	**4867.55**	**4440.23**	**2017.07**

*प्रथम वर्ष शुरू होने से पूर्व की राशि

ब—आवर्ती

क्र.	मद	कुल राशि	प्रथम वर्ष के लिये राशि	द्वितीय वर्ष के लिये राशि	तृतीय वर्ष के लिए राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	वेतन एवं भत्ते (शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक संवर्ग).	2521.82	753.96	829.89	937.97
2	आवर्ती आकस्मिकता व्यय	195.00	60.00	65.00	70.00
3	यात्रा भत्ता एवं पीओएल	55.00	16.67	18.33	20.00
4	ब्लाक	600.00	200.00	200.00	200.00
	कुल आवर्ती व्यय	3371.82	1030.63	1113.22	1227.97
	योग—(अ एवं ब)	**14696.67**	**5898.18**	**5553.45**	**3245.04**

परिशिष्ट-2 (अ)

कृषि महाविद्यालय पन्ना के लिए प्रशासकीय पद एवं शैक्षणिक पद

(अ) **शैक्षणिक पद :**

क्र.	विभाग	सह-प्राध्यापक वेतनमान रु. 37,400-67,000+ 9,000/- ए.जी.पी.	सहा-प्राध्यापक वेतनमान रु. 15,600-39,100+ 6,000/- ए.जी.पी.	कुल पद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	सस्य विज्ञान	1	4	5
2	कृषि अर्थशास्त्र	1	2	3
3	कृषि प्रसार एवं प्रचार विभाग	1	1	2
4	कीटशास्त्र विभाग	1	2	3
5	जैनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग	1	2	3
6	हार्टीकल्चर	1	2	3
7	मृदा विज्ञान	1	2	3
8	प्लांट पैथोलाजी	1	2	3
9	पशु विज्ञान	0	1	1
10	कृषि अभियांत्रिकी	0	1	1
11	बायोकैमेस्ट्री	0	1	1
12	क्रीड़ा अधिकारी	0	1	1
13	सहायक ग्रंथपाल	0	1	1
14	प्रक्षेत्र प्रबंधक	0	1	1
	कुल पद	8	23	31

(ब) प्रशासकीय पद 01, अधिष्ठाता (एक) वेतनमान रुपये 37,400—67,000+10,000/- ए.जी.पी.

अधिष्ठाता	—	01 पद
शैक्षणिक पद	—	31 पद
कुल . .	—	32 पद

*शेष कार्य आउटसोर्स किये जा सकते हैं.

परिशिष्ट-2 (ब)

कृषि महाविद्यालय, पन्ना के लिये गैर शैक्षणिक पद

(स) गैर शैक्षणिक पद :

क्र. (1)	पदनाम (2)	संख्या (3)
1	पी. ए. टू डीन (अधिष्ठाता)	1
2	सहायक प्रशासनिक अधिकारी	1
3	सहायक शैक्षणिक अधिकारी	1
4	सहायक लेखाधिकारी	1
5	सहायक (प्रत्येक के लिए एक)	3
6	स्टेनो/कम्प्यूटर आपरेटर	1
7	स्टोर कीपर	1
8	पुस्तकालय सहायक	1
9	सैल्फ असिस्टेंट	1
10	सहायक (प्रशासनिक भवन)	11
11	प्रयोगशाला सहायक	19
12	वाहक (संदेश/पत्र)	13
	कुल पद . .	54

उपरोक्त पदों के अतिरिक्त बार्डन, केयर टेकर/सहायक, सुरक्षा सहायक आदि पद आउटसोर्स किये जा सकते हैं.

नगरीय विकास एवं आवास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 सितम्बर 2018

क्र. एफ-7-30-2012-अठारह-6.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा-40 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर तथा ग्राम निवेश नियम 1975 के नियम 17 के अध्याधीन श्री ध्रुवप्रताप सिंह को अध्यक्ष, कटनी विकास प्राधिकरण, कटनी नियुक्त किया गया था, जिनकी कार्य अवधि दिनांक 8 अगस्त 2018 को समाप्त हो चुकी है.

(2) राज्य शासन द्वारा श्री ध्रुवप्रताप सिंह, अध्यक्ष, कटनी विकास प्राधिकरण, कटनी के कार्यकाल में निरंतर आगामी एक वर्ष की वृद्धि की जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
लोकेश कुमार जांगिड़, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 6 अक्टूबर 2018

सूचना

क्र. एफ-3-101-2013-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, (संशोधित) 1973 (क्रमांक 1 सन् 2012), की धारा 23 "क" की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश की सूचना क्रमांक 1206-उपां-टीसी-40-2013, दिनांक 1 मार्च 2018 में अपेक्षित किये गये अनुसार प्रवर्तित बुरहानपुर विकास योजना 2021 में उपांतरण की पुष्टि करती है. उपांतरण ब्यौरे एवं शर्तें निम्नानुसार है :—

अनुसूची

क्रमांक	ग्राम	खसरा क्र.	क्षेत्रफल वर्गमीटर में	विकास योजना में निर्दिष्ट भू-उपयोग	उपांतरण पश्चात् उपांतरित भू-उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	बुरहानपुर शहर	528	कुल रकबा 7.547 हेक्टेयर में से 3209.985 वर्गमीटर	सार्वजनिक/अर्धसार्वजनिक एवं मार्ग.	वाणिज्यिक
		कुल रकबा	3209.985 वर्गमीटर		

शर्तें :

1. बस स्टेण्ड से स्टेडियम की ओर जाने वाले मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12 मीटर रखना आवश्यक होगा तथा दुकानों के सामने 4.50 मीटर चौड़ी ऑफ स्ट्रीट पार्किंग रखना आवश्यक होगा.

2. दुकानों के सामने न्यूनतम 108 मीटर चौड़ा कॉरीडोर छोड़ना आवश्यक होगा.

3. दुकानों के बीच में से विद्यालय के प्रवेश एवं निर्गम की न्यूनतम चौड़ाई 12 मीटर रखना आवश्यक होगा.

4. प्रस्तावित दुकानों की किसी भी प्रकार की ओपनिंग विद्यालय की ओर नहीं होगी.

5. दुकानों में स्कूल से प्रतिबंधित दूरी तक शराब, सिगरेट एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के विक्रय व व्यापार पर प्रतिबंध रहेगा.

6. दुकानों में ऐसी कोई गतिविधि या व्यापार मान्य नहीं होगा जो वायु, जल, ध्वनि प्रदूषण का कारक हो.

7. विद्यालय के खेल मैदान का पूर्ण विकास किया जाना होगा.

8. भूमि पर निर्माण इस प्रकार किया जाए कि विद्यार्थियों के खेलकूद गतिविधि हेतु मैदान उपलब्ध हो.

9. कलेक्टर द्वारा भूमि पर निर्मित होने वाली दुकानों से प्राप्त आय का उचित भाग शाला विकास हेतु व्यय किया जाएगा.

10. निर्मित व्यावसायिक परिसर से विद्यार्थियों के हितों से शाला एवं शाला परिसर के शैक्षणिक वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए.

उपरोक्त उपांतरण बुरहानपुर विकास योजना 2021 का एकीकृत भाग होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शुभाशीष बैनर्जी, उपसचिव.

वाणिज्यिक कर विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 1 अक्टूबर 2018

क्र. एफ-ए-6-34-2017-1-पांच.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री रंजीत सिंह ठाकुर, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश को मध्यप्रदेश वैट अधिनियम, 2002 की धारा 4 की उपधारा (5) में किए गए प्रावधान अनुसार मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर अपील बोर्ड में अतिरिक्त न्यायिक सदस्य के पद पर 31 मार्च 2020 अथवा 65 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) तक के लिए अस्थायी रूप से नियुक्त किया जाता है. अतिरिक्त न्यायिक सदस्य के उक्त पद की निरंतरता 31 मार्च 2020 के पश्चात् प्राप्त होने की स्थिति में नियुक्ति दिनांक से 02 वर्ष की अवधि तक अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने, जो भी पहले हो तक के लिए नियुक्ति अवधि में वृद्धि की जा सकेगी.

(2) श्री रंजीत सिंह ठाकुर, अतिरिक्त न्यायिक सदस्य का मुख्यालय भोपाल नियत किया जाता है.

(3) श्री रंजीत सिंह ठाकुर, न्यायिक सदस्य के रूप में उन्हें प्राप्त होने वाली पेंशन कम करके ऐसे वेतन तथा भत्ते प्राप्त करेंगे, जो उन्होंने सेवानिवृत्ति के समय उच्चतर न्यायिक सेवा के सदस्य के रूप में अंत में प्राप्त किये थे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण परमार, उपसचिव.

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 अक्टूबर 2018

क्र. एफ 2-121-2017-अ-तेहत्तर.—राज्य शासन, द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रदेश में विकसित हो रहे स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत स्टार्टअप के लिए घटक का प्रावधान किया जावे.

2. इस उपघटक के तहत निम्न शर्तों को पूर्ण करने वाले स्टार्टअप सहायता हेतु पात्र होंगे.

(1) स्टार्टअप औद्योगिक नीति तथा संवर्धन विभाग (DIPP) भारत सरकार के साथ स्टार्टअप के रूप में पंजीकृत हो.

(2) स्टार्टअप मध्यप्रदेश के मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेटर्स से सम्बद्ध हो.

(3) स्टार्टअप किसी उत्पाद के मेन्यूफेक्चरिंग क्षेत्र में कार्यरत है तो उसके उत्पाद का प्रोटोटाइप विकसित हो चुका हो अथवा सफलता पूर्वक मार्केट टेस्ट हो चुका हो अथवा उसके उत्पाद के लिए बौद्धिक सम्पदा अधिकार (IPR-Intellectual Property Right) प्राप्त हो चुका हो.

(4) स्टार्टअप किसी सेवा क्षेत्र में कार्यरत है तो उसके सेवा कॉन्सेप्ट (Concept) का सफलता पूर्वक मार्केट टेस्ट हो चुका हो.

3. स्टार्टअप के प्रकरणों की अनुशंसा मध्यप्रदेश इन्क्यूबेशन तथा स्टार्टअप प्रोत्साहन योजना 2016 अन्तर्गत गठित स्क्रीनिंग समिति द्वारा की जाने के उपरान्त ही TFC द्वारा प्रकरण बैंक को प्रेषित किया जायेगा.

4. इस घटक अन्तर्गत सहायता हेतु आय सीमा का कोई बंधन नहीं होगा.

5. इसके लिए कोई पृथक् बजट प्रावधान नहीं दिया जाएगा. मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के विद्यमान बजट के अन्तर्गत 10% तक व्यय इस घटक पर किया जा सकेगा.

6. मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना स्टार्टअप घटक के अन्तर्गत स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्राप्त होने की स्थिति में हितग्राही राज्य शासन की किसी अन्य योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता के लिए पात्र नहीं होगा.

7. मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के शेष प्रावधान यथावत लागू होंगे.

भोपाल, दिनांक 5 अक्टूबर 2018

क्र. एफ 2-121-2017-अ-तेहत्तर.—राज्य शासन, द्वारा निर्णय लिया गया है कि मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना अन्तर्गत रुपये 50,000 से 10.00 लाख तक की परियोजनाओं के लिए मर्जिनमनी एवं ब्याज अनुदान संबंधी प्रावधान मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के प्रावधानों के समतुल्य किए जाएं.

2. उपरोक्त निर्णयानुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 2-121-2017-अ-तेहत्तर, दिनांक 16 नवम्बर 2017 की कंडिका 1.2 मुख्यमंत्री कृषक उद्यमी योजना की उपकंडिका (iii), वित्तीय सहायता अन्तर्गत (क) मर्जिनमनी सहायता एवं (ख) ब्याज अनुदान के प्रावधान निम्नानुसार प्रतिस्थापित किये जाते हैं—

1.2 (iii) **वित्तीय सहायता :**

(क) मार्जिनमनी सहायता-

